आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.12.2025 प्रादेशिक समाचार 15:00 बजे

## प्रधानमंत्री–अर्थशास्त्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्रीय बजट 2026–27 से पहले विचार–विमर्श के लिए नई दिल्ली में नीति आयोग के प्रख्यात अर्थशास्त्रियों और संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों से बातचीत कर रहे हैं। बैठक में विशेषज्ञों को देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति और भविष्य की प्राथमिकताओं पर अपने विचार साझा करने का अवसर मिलेगा। नीति आयोग की इस बैठक में सरकार को आर्थिक नियोजन के अगले चरण की तैयारी के लिए बहुमूल्य सुझाव मिलने की संभावना है।

## शिवराज सिंह–जी राम जी

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संसद ने वर्तमान आवश्यतकताओं को ध्यान में रखते हुए और मनरेगा योजना की कमियों को दूर करने के लिए विकसित भारत – जी राम जी विधेयक पारित किया है। वे आज भोपाल में एक संवाददाता सम्म–मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। विपक्ष के योजना का नाम बदलने के आरोपों पर उन्होंने कहा कि अतीत में भी जब विपक्षी दल सत्ता में थे रोजगार संबंधी योजनाओं के नाम कई बार बदले गए थे। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रधानमंत्री की गति शक्ति पहल से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इस मिशन में बेरोजगारी भत्ता के लिए स्पष्ट प्रावधान शामिल है और अधिनियम के तहत आवश्यक वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## ड्रैगन फ्रूट

कृषि–बागवानी को प्रोत्साहन देने के प्रदेश सरकार के प्रयास रंग ला रहे हैं। जिला मंडी के सरकाघाट उपमण्डल के ठौर गांव ग्राम पंचायत जुकैण निवासी प्रेमचंद ने पारंपरिक खेती से हटकर ड्रैगन फ्रूट की सफल खेती कर क्षेत्र के किसानों के लिए एक नई मिसाल कायम की है। प्रदेश सरकार द्वारा बागवानी को प्रोत्साहन देने के तहत उद्यान विभाग की मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर योजना के अंतर्गत अढ़ाई बीघा भूमि पर ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए उन्हें 62 हजार रुपये की सब्सिडी स्वीकृत की गई है।

## वर्षांत– संस्कृति

भारत की विकास यात्रा में वर्ष 2025 एक निर्णायक कालखंड है। इस वर्ष कल्याणकारी नीतियों ने प्रगति को जन्म दिया और मजबूत इरादों ने सार्थक परिणाम दिए।

परीक्षा पे चर्चा

परीक्षा पे चर्चा की 9वीं कड़ी के लिए 2 करोड़ 92 लाख से अधिक छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने अब तक पंजीकरण कराया है। यह कार्यक्रम अगले वर्ष जनवरी में आयोजित किया जाएगा। परीक्षा पे चर्चा के दौरान देश–विदेश से विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षक प्रधानमंत्री से परीक्षा के तनाव पर चर्चा करेंगे। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। पंजीकरण  माई गॉव प्लेटफॉर्म पर 11 जनवरी तक कराया जा सकता है।

---------------------------------------------------------------------------------------